बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 691 **पटना, दिनांक** : 06/02/2024

आदेश

निदेशालय ज्ञापांक 10527 दिनांक 22.08.2020 द्वारा सुश्री रोहिणी कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01369) को नियोजित करते हुए बंदोबस्त कार्यालय, अरवल में पदस्थापित किया गया है। नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन के क्रम में संज्ञान में आया है कि निदेशालय स्तर पर प्रकाशित विज्ञापन संख्या–1/2019 में विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नियोजन हेतु शैक्षणिक योग्यता डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग निर्धारित है, जबकि सुश्री रोहिणी का शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्रकाशित विज्ञापन से भिन्न अर्थात Diploma in Civil Engineering के स्थान पर Ceramics Engineering का है, जो कि उक्त पद पर नियोजन के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के विपरीत है।

विशेष सर्वेक्षण अमीन हेतु प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न योग्यता के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 5522 दिनांक 07.07.2023 द्वारा 03 दिनों के अन्दर सुश्री रोहिणी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि Diploma in Ceramics Engineering का अधिकांश Syllabus Diploma in Civil Engineering से मिलता है, जिसके कारण इनका नियोजन उक्त पद पर किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण एवं संचिका में रक्षित अभिलेखों का अवलोकन किया गया है। अवलोकनोपरांत पाया गया है कि इनके द्वारा तर्क दिया गया है कि Diploma in Ceramics Engineering का अधिकांश Syllabus Diploma in Civil Engineering से मिलता है। इससे स्पष्ट है कि इनके प्रमाण पत्र का मात्र Syllabus मिलता है न कि इनका प्रमांण पत्र विज्ञापन संख्या – 1/2019 में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता का है। ऐसे में इनके द्वारा स्पष्टीकरण में दिए गए तर्को को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

अतः प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अहर्त्ता से भिन्न शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त करने के फलस्वरूप नियोजन हेतु प्रकाशित Terms of Assignment की कंडिका – 4 में निहित प्रावधान के आलोक में सुश्री रोहिणी कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01369) का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 2/2/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 691 **पटना, दिनांक** : 06/02/2024

प्रतिलिपि :– सुश्री रोहिणी कुमारी, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN01369), बंदोबस्त कार्यालय, अरवल को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 691 **पटना, दिनांक** :– 06/02/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, अरवल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

06/02/2024

ज्ञापांक :— 01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)—06 / 2023 691 **पटना, दिनांक** :—

प्रतिलिपि :— श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू—अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय अंतर्गत **R2R** में संधारित सुश्री रोहिणी की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू—अभिलेख एवं परिमाप